54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.3°c अधिकतम 33.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:02, सूर्यास्त - 6:28 | वर्ष : 54/ अंक : 252 | शनिवार, 12 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**
हमें सीमित निराशा को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन असीमित आशा को कभी नहीं भूलना चाहिए।

पी चिदंबरम ने ब्रिक्स पर बयान देकर 'खुद को नाराज फूफा साबित' कर दिया है : सुधांशु त्रिवेदी




कोई बनियान में न आ जाए .... ऐसे फूफाओं पर नजर रखना....

# मुजफ्फरनगर से 3 और शामली से 1 युवक रूस में फंसा, परिजनों ने लगाई रो-रोकर सरकार से वापसी की गुहार

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** युवा पीढ़ी अपराधियों के जाल में आए दिन विदेश भेजने के नाम पर फंसती दिखाई दे रही है। पहले हवा-हवाई बातों में आकर परिवार भी बच्चों को विदेश भेजने के नाम पर तैयार हो जाता है, मगर फंसने के बाद एहसास होता है कि विदेश के कानून में एक बार अपराधिक मामले में लिप्त पाए जाने पर भारत की तरह वहां रहम नहीं किया जाता। एक बार जो अपराधियों और कानून के जाल में फंसा, उसका वापस आना नामुमकिन सा हो जाता है। मुजफ्फरनगर और शामली के ऐसे ही चार युवक इस आपराधिक जाल में फंस गए, जिनका खुलासा शुक्रवार को खुद परिवार ने किया। एक ओर चरथावल ब्लॉक के पीपलशाह निवासी विपिन पुण्डीर ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा शक्ति से परिवार का सम्पर्क 30 जुलाई से टूट चुका है। परिजनों की मानें तो शक्ति के साथ बाढ़ गांव का हिमांशु शर्मा और शामली के हसनपुर निवासी राकेश कुमार के बेटे आशू कुमार एक ही कमरे में रहा करते थे। अब तीनों के ही वहां फंस जाने की बात कही जा रही है। वहीं चौथा युवक यश जो खतौली के रतनपुरी का है, उसकी माता अनीता व चाचा सोनू के अनुसार यश भी अपराधियों के जाल में रूस में ही फंसा हुआ है। फिलहाल एक ओर जहां रतनपुरी के परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है वहीं दूसरी ओर किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने इस मामले में हस्तक्षेप किया है। उनका बताना है कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर के सैकड़ों युवक स्टडी वीजा पर रूस गए हुए हैं। उन्होंने बताया कि कई माह पहले 65 युवकों की सूची सामने आई थी, जिसमें से 17 युवक भारत वापस लौट चुके हैं और बाकी युवक अभी भी परिवार के सम्पर्क में नहीं हैं। युवकों का बताना है कि रूसी सरकार एक अजीबो-गरीब खेल खेलते हुए उन्हें अपनी सेना में भर्ती करने का दबाव डाल रही है। नहीं तो नशे के मामलों में फंसाने की बात सामने आ रही है। उनका आरोप है कि युवकों के परिजनों को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पास भेजा गया था मगर इस मामले में उनका रवैया उदासीन है और कई माह से कोई युवक रूस से वापस नहीं लौटा है।

## मां ने हाथ जोड़कर लगाई गुहार, रूस से उसके नौजवान बेटे को वापस लाए सरकार





**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** कभी- कभी नौजवान बच्चों को शातिराना अंदाज में फंसा लिया जाता है। पैसा कमाने के जोश और होड़ में बच्चे शातिरों की गिरफ्त में आते ही कभी-कभी इस तरह से फंस जाते हैं कि इस मकड़जाल से वापस लौटना उनके लिए नामुमकिन सा हो जाता है। मुजफ्फरनगर के खतौली तहसील के रतनपुरी से ऐसा ही एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें 27 अप्रैल 2026 के बाद से 26 वर्षीय यश नामक युवक की माता दर-दर की ठोकरें खाकर हार मान चुकी है और अब मां ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री से मांग की है और जानकारी देते हुए बताया है कि 27 अप्रैल 2026 को उनका बेटा यश टेलीग्राम के माध्यम से बैंकॉक के रास्ते रूस गया था। रूस पहुंचने के बाद चार लोगों ने उसे रिसीव किया और 8-9 दिन तक कोई काम न दिलाकर उसे अलग-अलग अपार्टमेंट में जगह दिलाई। परिवार के सोनू सैनी का बताना है कि नौवे दिन डिलीवरी ब्वॉय का काम देते हुए उसे किसी शोरूम, फैक्ट्री नहीं बल्कि जंगल भेजकर कोई आपत्तिजनक सामग्री उठवाकर इधर से उधर कराई गई। इसी बीच उसे फंसा लिया गया। यश की माता और उसके चाचा सोनू सैनी दोनों का बताना है कि वहां की पुलिस की मदद से और टेलीग्राम के माध्यम से नौकरी दिलाने वालों ने आपस में सांठ-गांठ कर यश का पासपोर्ट छीन लिया। जब चाचा सोनू ने उसे छुड़वाने की बात की तो वहां की पुलिस ने इस बात से साफ इंकार कर दिया। परिवार के अनुसार यश ने यह भी बताया कि षड्यंत्रकारी जबरदस्ती उसे अपराध कबूलने को कह रहे हैं, जबकि बिना जानकारी के उसके द्वारा किसी पदार्थ की डिलीवरी धोखे में उससे करा ली गई है तथा आपराधिक किस्म के लोग उसे यह भी धमकी दे रहे हैं कि रूस की सेना में भर्ती करके तुझे युद्ध में भेजा जाएगा। यश की मां अनीता ने हाथ जोड़कर रोते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारतीय दूतावास से गुहार लगाई है कि सरकार इस कार्य में दखल कर उनके बेटे को वापस दिलाने का काम करे। मां का कहना है कि वह स्वयं मुख्यमंत्री जनता दरबार में योगी आदित्यनाथ से मिलकर आ चुकी है मगर समाधान कुछ नहीं हुआ। अब देखना यह होगा कि उक्त परिवार को न्याय मिल पाता है अथवा नहीं या कोई और ऐसी वजह है, जिस कारण रूसी सरकार ने यश को वापस लौटाने से मना कर दिया है। प्रशासन उक्त मामले में क्या फैसला लेता है और पूरे मामले में क्या सच्चाई है, यह समाचार प्रकाशित होने के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल रोती हुई मां सरकार से यश को वापस लाने की बार-बार गुहार लगा रही है।



## रोहाना कलां को मिली बड़ी रेल सौगात, दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेस का आज से ठहराव हुआ शुरू

### कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने लोको पायलट का किया स्वागत, क्षेत्रवासियों में खुशी

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** रोहाना कलां और आसपास के क्षेत्र के लोगों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेस का रोहाना कलां रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार से ठहराव शुरू हो गया। पहली बार ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। ट्रेन अपने निर्धारित समय करीब 11:26 बजे रोहाना कलां स्टेशन पहुंची। इस मौके पर बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने ट्रेन के लोको पायलट का माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई।

बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी इस मौके पर मौजूद रहे और नई रेल सुविधा शुरू होने पर खुशी जताई। रोहाना कलां स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही प्रमुख मांग थी। अब दिल्ली और हरिद्वार की ओर जाने वाले यात्रियों को रोहाना कलां से सीधे एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी। इससे नौकरी, व्यापार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रेन के ठहराव को सांसद चंदन चौहान के लगातार प्रयासों से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया गया कि क्षेत्रवासियों की मांग को सांसद ने संसद में उठाने के साथ रेलवे मंत्रालय के स्तर पर भी पैरवी की। लगातार प्रयासों और बैठकों के बाद आखिरकार रोहाना कलां स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया। पहले ठहराव के मौके पर ट्रेन रवाना होने के बाद सांसद चंदन चौहान, मंत्री अनिल कुमार और उनकी टीम भी इसी ट्रेन में सवार होकर मुजफ्फरनगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर नई रेल सुविधा को लेकर उनकी प्रतिक्रिया जानी। रोहाना कलां रेलवे स्टेशन पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में स्थित है और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में ट्रेन के ठहराव का लाभ रोहाना कलां के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी मिलने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों ने इसे लंबे समय बाद मिली महत्वपूर्ण रेल सुविधा बताते हुए सांसद और रेलवे का आभार जताया।










## 100 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक, चार घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा

### पुलिस बोली नीचे आजा, युवक बोला हेलीकॉप्टर मंगवाओ, घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में साईधाम मंदिर के सामने शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक 100 फीट से अधिक ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़कर उसकी चोटी पर जा पहुंचा। युवक को टॉवर पर चढ़ा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद युवक को समझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को नीचे उतारने का प्रयास किया गया, लेकिन वह लोगों की बात नहीं मान रहा था और उल्टी-सीधी बातें कर रहा था। कुछ ही देर में टॉवर के नीचे भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए। बताया गया कि युवक पुलिस से टॉवर से नीचे उतरने के लिए हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग कर रहा था। करीब चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने किसी तरह उसे समझाया और सुरक्षित नीचे उतार लिया। इसके बाद उसे थाने ले जाया गया। क्षेत्राधिकारी नई मंडी राजू साव ने बताया कि टॉवर पर चढ़े युवक की पहचान कुलदीप निवासी गांधीनगर के रूप में हुई है। जानकारी करने पर उसके मंदबुद्धि होने की बात सामने आई। पुलिस ने युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।





## मेरठ: पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देववृत्त त्यागी का बसपा से इस्तीफा

**मेरठ, 11 सितंबर (एजेंसी)।** बसपा में शीर्ष स्तर पर चल रही उठापटक का असर अब निचले पायदान तक दिखाई देने लगा है। आकाश आनंद को बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद बसपा के पुराने नेताओं -कार्यकतोओं में बेचैनी बढ़ गई है। इस बीच मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा के पूर्व प्रत्याशी रहे देववृत्त त्यागी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को भेजा है। उधर, मेरठ में नाराज कई पुराने बसपाइयों के भी पार्टी छोड़ने की चर्चा है। देववृत्त त्यागी का कहना है कि आगामी विस चुनाव की तैयारियों के समय संगठन को मजबूत करने की बजाय लगातार फेरबदल किए जाने से कार्यकर्ताओं में असमंजस और अविश्वास की स्थिति पैदा हो रही है। उनका आरोप है कि पार्टी मुख्यालय में बैठे कुछ लोग ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे संगठन कमजोर हो रहा है।



## सहारनपुर में करेंसी चेस्ट के पीए की करोड़ों की संपत्ति 11 हजार रुपये सैलरी, 5 मकान और लग्जरी गाड़ियां

**सहारनपुर, 11 सितंबर (एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में मिले 17.29 करोड़ रुपये के जाली नोटों का मामला अब सिर्फ बैंकिंग गड़बड़ी तक सीमित नहीं रह गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मामले की साजिश और इससे जुड़े लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है। इसी जांच में करेंसी चेस्ट से जुड़े आउटसोर्स कर्मचारी आदेश कुमार की संपत्ति और रहन-सहन ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 11 हजार रुपये मासिक वेतन पर चालक और लोडर के रूप में तैनात बताए जा रहे आदेश कुमार के पास पांच मकान, स्कॉर्पियो और वरना कार समेत दो बाइक होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि इन संपत्तियों और वाहनों का वास्तविक स्वामित्व तथा उनकी खरीद में इस्तेमाल रकम का स्रोत अभी जांच का विषय है। एनआईए यह पता लगाने में जुटी है कि एक निजी कर्मचारी की आय के मुकाबले उसके पास इतनी संपत्ति और वाहन कैसे आए।



## गर्माते मौसम के बीच आज फिर आंधी के साथ बारिश का अनुमान

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** हल्की बौछारों के बीच आज कड़क धूप के बीच उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। हालांकि शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। नगर में आज सुबह से ही बादलों की आवाजाही के साथ कड़क धूप खिली रही। दोपहर बाद हल्की बौछारें आई, लेकिन यह नाकाफी थीं और इसने उमस और बढ़ा दी। नगर में तापमान अधिकतम 33.8 और न्यूनतम 26.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में कल यानी 12 सितंबर को भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की चेतावनी है। यूपी के गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, कानपुर, अंबेदकर नगर, वाराणसी, चंदौली, बहराइच, सोनभद्र, मिजार्पुर, शाहजहांपुर, रामपुर, उन्नाव, प्रयागराज, देवरिया और गोरखपुर मे भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी।

वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के सौजन्य से

शाहपुर में आंखों का निःशुल्क विराट कैम्प

दिनांक : 13 सितम्बर 2026, दिन- रविवार
समय : प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
स्थान : श्री राम गोपाल अग्रवाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर, बसी रोड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर



लेंस विधि द्वारा मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन होगा।

रजिस्ट्रेशन पहले कहीं नहीं होगा, मौके पर ही सुबह 8:30 बजे शुरू किया जायेगा।

आयोजक : गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट

-: कैम्प व्यवस्थापक :-
श्याम पाल (भाई जी) 9719586649
मणिकांत मित्तल 8171025757
अरूण कुमार मित्तल 9412211998
अशोक अग्रवाल 9634559935

A Unit Of Vidya Bharti
SARASWATI SHISHU MANDIR INTER COLLEGE
Keshavpuri, Meerut Road, Muzaffarnagar
Teacher's Required
Applications are invited for the following posts:
PGT : Physics (01), English (01)
TGT's : Hindi (01)
: Music and Dance Teacher (01 )
Pre Primary: Qualification Graduation with Montessori Training /NTT/D.El.Ed.
Security Guard (01) and Gardener (माली) ( 01)
Send your resume at email: ssmintercollege.mzn@gmail.com till 15 September2026 by 5:00 PM., Contact :- 9027975452
Shyam Lal Bansal, President | Anil Sobti, Manager | Umesh Gupta, Treasurer | Govind Gupta, Principal

# जाति की राजनीति सपा करती है, रालोद सर्वसमाज का दल : अनिल कुमार

## जी4-जे4 विवाद और 2013 दंगों पर कैबिनेट मंत्री ने रखी बात



**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल नेता अनिल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर आगामी 20 सितंबर को आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता सम्मेलन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रालोद के स्थापना दिवस के अवसर पर 20 सितंबर को सुबह 11 बजे पचेंडा रोड स्थित द प्लैटिनम बैंक्वेट हॉल के ग्राउंड परिसर में विशाल सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री अनिल कुमार ने हाल में चर्चा में रहे जी-4 गन्ना और जे-4 जनता/जाट विवाद पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जी-4 गन्ना और जे-4 जनता होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रालोद किसी एक जाति या बिरादरी की पार्टी नहीं है, बल्कि किसान, युवा, दलित, पिछड़े, अगड़े और अल्पसंख्यकों समेत सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाला दल है। मंत्री ने समाजवादी पार्टी पर जाति और बिरादरी की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि रालोद की राजनीति सामाजिक समरसता और सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाना है। प्रेस वार्ता में छपार और रामलीला टिल्ला प्रकरण को लेकर पूछे गए सवालों पर अनिल कुमार ने कहा कि वह स्वयं मौके पर गए थे। उनके मुताबिक शासन और प्रशासन ने दोनों मामलों में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर है तथा ऐसे मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े विवादित पोस्टरों के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में हुआ दंगा बेहद दुखद था। उन्होंने विवादित पोस्टर लगाए जाने को अनुचित बताया। उनके अनुसार प्रशासन ने पोस्टर हटवा दिए हैं और मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अनिल कुमार ने कहा कि सामाजिक समरसता सम्मेलन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन में जयंत चौधरी की मौजूदगी को लेकर रालोद कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# अखलाकपुरा जंगल में पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**जानसठ, 11 सितम्बर (बु.)।** जानसठ थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस और संदिग्ध आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार, अखलाकपुरा जंगल में मिले गोवंश के मामले की जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाके में चेकिंग शुरू की। पुलिस के मुताबिक, संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो मुठभेड़ हो गई। इसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस और गोवंश से जुड़े उपकरण बरामद करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, अखलाकपुरा जंगल में कुछ दिन पहले गोवंश मिलने के मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से कुछ संदिग्धों के क्षेत्र से गुजरने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने बताए गए रास्ते पर चेकिंग शुरू की। पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान मुठभेड़ हुई। गोली लगने से सावेज घायल हो गया। उसके दो साथियों परवेज और सनवर को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल सावेज को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस और गोवंश से जुड़े उपकरण बरामद करने की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, बरामद सामान और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। डीएसपी ऋषिका सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। इसमें एक आरोपी घायल हुआ और दो अन्य पकड़े गए। आरोपियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।





# आये दिन वरिष्ठ डॉक्टरों के यहां मरीज के तीमारदार करने लगे मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** शुक्रवार को उस समय सरकुलर रोड पर हंगामा खड़ा हो गया, जब प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश अहलावत के यहां मरीज के तीमारदारों ने स्टाफ के साथ बदसलूकी करना शुरू कर दिया। इसी बीच डॉक्टर अपने रूम से निकलकर आए और जैसे-तैसे हंगामा शान्त कराया। जानकारी मिली कि मरीज के तीमारदार मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर पैसे देने में आना-कानी कर रहे थे। जब मेडिकल स्टोर संचालक ने पैसा देने की बात कही, इस पर मरीज के तीमारदारों ने चार पांच लोगों को बुलवाया और मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद मामला शान्त तो हो गया मगर फिर से एक सवाल उठा कि क्या आए दिन मरीज के तीमारदार इसी तरह वरिष्ठ डॉक्टरों के अस्पतालों में यूं ही मारपीट करते रहेंगे और पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रहेगी। ऐसे तो किसी दिन किसी भी डॉक्टर के साथ कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।





# छोटा हाथी पलटा, सड़क पर गिरी मछलियां

**मंसूरपुर, 11 सितम्बर (बु.)।** मंसूरपुर क्षेत्र में बेगराजपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एनएच-58 पर एक सड़क हादसा हो गया। यहां टाटा छोटा हाथी गाड़ी पलट गई। यह छोटा हाथी (गाड़ी नंबर यूपी-12सीटी-7441) मुजफ्फरनगर से देवन होते हुए दिल्ली मंडी जा रहा था। इसमें मछली भरी हुई थी। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने इसे टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटने से उसमें भरी कुंटलों मछली सड़क पर बिखर गई। जैसे ही मछली सड़क पर गिरी, वहां से गुजर रहे राहगीर बोरियों में भरकर मछलियां ले जाने लगे।

गाड़ी के ड्राइवर नवाब ने बताया कि लोग कुंटलों मछली ले गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यवस्था संभाली।

# मूकदर्शक बनी पुलिस की उपस्थिति में बच्चा हुआ गम्भीर घायल

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र कच्ची सड़क बर्फ खाने पर उस समय चीख-पुकार मच गई, जब उक्त क्षेत्र आनन्दपुरी निवासी युवक अपने चार वर्षीय बच्चे के साथ घर का सामान लेकर वापस घर जा रहा था कि अचानक सरवट की ओर से तेज गति से आ रही काली रंग की स्पलेंडर सवार तीन उपद्रवियों द्वारा पिता पुत्र को जबरदस्त टक्कर मारकर पुलिस के सामने बड़ी आसानी से फरार हो गए। घटना स्थल पर खड़ी डायल 112 गाड़ी संख्या यूपी-32-डीजी-8551 तैनात तीन पुलिसकर्मी ने घायलों को देख अपने कर्तव्य से पीठ फेरते हुए तीनों पुलिसकर्मी मूकदर्शक बनी रही। घटना और गम्भीर घायलों को एकत्रित भीड़ द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों से जब फरार युवकों को पकड़ने के लिए सहायता मांगी गई, तो पुलिसकर्मी बहाने बना टस-से-मस भी नहीं हुए। जिला प्रशासन मुजफ्फरनगर से निवेदन है कि ऐसे पुलिसकर्मी जिनकी मानवता मर चुकी है और केवल मात्र अपने भरण-पोषण हेतु ही पुलिस महकमा ज्वाइन किया है। कृपा कर ऐसे पुलिसकर्मी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मानवता और फर्ज के प्रति जागरूक करना हेतु कार्यवाही करें, जिससे क्षेत्रीय पीड़ित जनमानस की सहायता हो सके।

# नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, युवती सकुशल बरामद



**चरथावल, 11 सितम्बर (बु.)।** थाना पुलिस ने नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान गुफरान पुत्र मौ. शाकिर निवासी सियाली खद्दर, थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आठ सितंबर को युवती के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए चली गई है। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस की जांच और पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी गुफरान का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को रामपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आयुष्मान और कांस्टेबल राहुल गिरी की टीम ने की। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# जुमे की नमाज को लेकर शाहपुर में अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

## - मस्जिदों के बाहर तैनात रहा सुरक्षा बल - नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी की हो रही प्रशंसा

**शाहपुर, 11 सितम्बर (बु.)।** सहारनपुर के मस्जिद प्रकरण को लेकर शुक्रवार को कस्बा शाहपुर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एहतियात के तौर पर जुमे की नमाज के दौरान कस्बे की विभिन्न मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह एवं कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में लगातार गश्त की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की हिदायत दी। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी की भूमिका की भी हो रही कस्बे में प्रशंसा। हाजी अकरम कुरैशी आज सुबह ही लखनऊ से कस्बे में पहुंचे और आनन-फानन में अपने लोगों को भेज कर अपने समर्थकों को निवास पर बुला कर जिम्मेदारी सौंपी कि किसी भी हालत आज कस्बे का भाईचारा ना बिगड़ने पाए। उनके निजी साथी वसीम अहमद ने जानकारी दी कि जुमे की नमाज से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे में घूम घूम कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उधर पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा माहौल बिगाड़ने वाली किसी भी पोस्ट को प्रसारित करने से बचने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी अफवाह की जानकारी मिलने पर उसे आगे बढ़ाने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ युवक, बाइक गंग नहर पुल पर मिली

**भोपा, 11 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी 37 वर्षीय मोनू अली के अचानक लापता होने से परिजनों में चिंता का माहौल है। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने पर उसकी स्प्लेंडर बाइक बेलड़ा गंग नहर पुल के पास खड़ी मिली। मोनू का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। अनहोनी की आशंका जताते हुए उसके भाई ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी मौ. शाहवेज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई मोनू गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बसेड़ा में आरा मशीन संचालक से अपने रुपये लेने के लिए गया था। दोपहर करीब एक बजे फोन पर उसकी मोनू से बातचीत हुई। मोनू ने बताया था कि वह करीब 10 मिनट में भोपा पहुंच जाएगा। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और वह घर नहीं पहुंचा। काफी देर तक मोनू के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान उसकी स्प्लेंडर बाइक बेलड़ा गंग नहर पुल के पास खड़ी मिली, जबकि मोनू का कोई पता नहीं चल सका। बाइक मिलने के बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मोनू की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोनू के लापता होने से परिवार में भी चिंता का माहौल है। पिता शमशाद अल्वी, माता बानो, पत्नी शबनूर तथा बच्चे तमन्ना, फरहा, इनाया, गजाला, मौ. साद और हुमैरा सहित भाई सोनू, शाहवेज, शादाब और तालिब परेशान हैं।

# तीसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

## बिना बोर्ड चल रहे डेंटल क्लीनिक व पैथोलॉजी लैब सील



**चरथावल, 11 सितम्बर (बु.)।** स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने दधेड़ू कलां में छापेमारी की। इस दौरान बिना बोर्ड संचालित किए जा रहे एक डेंटल क्लीनिक और एक पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों प्रतिष्ठानों की जांच-पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान डेंटल क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब बिना बोर्ड के संचालित मिले। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों के खिलाफ सील की कार्रवाई की। लगातार तीसरे दिन हुई कार्रवाई से क्षेत्र में बिना मानकों के चिकित्सा प्रतिष्ठान संचालित करने वालों में हड़कंप मचा रहा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी कर चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई अनीस, जावेद व शादाब और मेरे पिता व माता (हनीफ व खैरूनिसा) मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिए मैंने अपने तीनों भाईयों और मेरे माता-पिता से सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये है। यदि उक्त तीनों किसी से कोई लेन-देन या व्यवहार करते हैं, तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सईद पुत्र हनीफ**
निवासी- मल्हूपुरा, थाना-सिविल लाईन मुजफ्फरनगर

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4749, दिनांक 18/4/2023 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम श्रेयांश (SHREYANSH) है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक- रोहित कुमार**
ग्राम- निजामपुर, पो0-पुरा, तहसील-खतौली, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 9899690108

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 2678, दिनांक 18/2/2024 में गलती से पुत्र का नाम अर्णव दर्ज करा दिया गया। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अर्णव सिंह है। संशोधन हेतु आवेदन -पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक- अमरजीत सिंह**
ग्राम- सदरूद्दीन नगर, पो0-सिसौली मुजफ्फरनगर, मो. 9027881022

## नाम परिर्वतन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMAMD AFSAR से बदलकर MOHAMMAD AFSAR रख लिया है। अब मुझे नये नाम MOHAMMAD AFSAR के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**मौहम्मद अफसर**
(MOHAMMAD AFSAR)
म0नं0-484/1, महमूदनगर, सरवट, जिला- मुजफ्फरनगर, मो. 8077265879




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा


**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


# वालीवुड सितारों से कम नहीं बुलेटिन पाठक







## 80 के दशक की बुलेटिन पाठकों को आयी याद

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** एकाएक सोशल मीडिया पर 80 के दशक के वालीवुड के सितारों की याद दिलाने के लिए बैगी पैंट, ढीले कपड़ों की फोटो जैसे ही वालीवुड के सितारों ने अपनी फोटो डालनी शुरू करी तो दो ही दिन के अन्दर सोशल मीडिया पर आंधी आ गयी।

ऐसे में बुलेटिन पाठक भी कहां पीछे रहे। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने पाठकों से अपनी यादें ताजा करने के लिए उनकी भी पोस्ट 1980 के सितारों की तरह मांग ली, बस फिर क्या था, सैंकडों पाठकों ने धडाधड चेटजीपीटी से अपनी फोटो बनाई और बुलेटिन पर डालकर इसका पूरा आनन्द उठाया। आज बुलेटिन पाठकों की खूबसूरत तस्वीरे और पुरानी यादें शामिल की जा रही हैं।





